<u>संदेश</u>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

यह दिवस महिलाओं की उपलब्धियों के सम्मान, महिला-पुरूष समानता और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। यह दिवस महिलाओं के लिए अवसर की समानता तथा जीवन के सभी क्षेत्रों में उन्हें सशक्त बनाने के अभियान से जुड़ा एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। महिलाओं को आज भी अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन पर विचार करने और उनका समाधान करने की जरूरत है।

आज महिलाएं विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, अंतरिक्ष, सशस्त्र बलों और खेल सहित सभी क्षेत्रों में नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं। इसकी एक झलक इस वर्ष की गणतंत्र दिवस परेड में महिला शक्ति के भव्य प्रदर्शन और नेतृत्व में देखने को मिली।

मैं महिला दिवस के सफल आयोजन की कामना करती हूं और महिलाओं के स्वर्णिम भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करती हूं।

****